कार्यालय, राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश, अनुभाग–4, लखनऊ।

संख्याः 1758 /4– 34ए / 2013, दिनांक : 04 जून, 2015

आदेश

शासनादेश संख्या–273/1–9–2015–1637 एल0सी0/2004, दिनांक 02.02.2015 के अनुक्रम में लेखपाल भर्ती परीक्षा कराये जाने के संबंध में परिषद पत्र संख्या–156/4–34ए/2013, दिनांक 15.05.2015 द्वारा परिषद, वाहय एजेन्सी, जिलाधिकारी एवं मण्डलायुक्त स्तर से सम्पादित किये जाने वाले कार्यो को चिन्हित करते हुये दिशा–निर्देश निर्गत किये गये थे।

उक्त के क्रम में परिषद एतदद्वारा **उत्तर प्रदेश लेखपाल सेवा नियमावली 2006 यथा संशोधित, 2014 के नियम 15 (1) में प्रदत्त शक्तियो का प्रयोग करते हुये** लेखपाल भर्ती परीक्षा वर्ष 2015 सम्पन्न कराने के लिये प्रदेश के प्रत्येक जनपद हेतु चयन समिति का अध्यक्ष, कलेक्टर/जिलाधिकारी को नामित करते है एवं इस संबंध में वर्णित नियमावली के नियम 15 (1) में प्रदत्त शक्तियो को कलेक्टर में प्रतिनिधानित करते हुये उ0प्र0लेखपाल नियमावली–2006 के नियम–15 (1) (दो) (तीन) में दी गयी व्यवस्थानुसार दो सदस्य जो अपर जिला मजिस्ट्रेट से अन्यून स्तर अधिकारी हो, को चयन समिति के सदस्यों के रूप में नामित करने के लिये अधिकृत करते है।

राजस्व परिषद के आदेश से,

(आलोक कुमार)
आयुक्त एवं सचिव।

संख्या व दिनांक उपरोक्त।

प्रतिलिपि समस्त जिलाधिकारी व समस्त मण्डलायुक्त उ0प्र0 को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(आलोक कुमार)
आयुक्त एवं सचिव।

प्रेस – विज्ञप्ति
राजस्व विभाग, उ0 प्र0
लेखपाल भर्ती परीक्षा – 2015

जनपद का नाम – **परीक्षा का नाम : लेखपाल राजस्व**

विज्ञापन संख्या– /भूलेख– दिनांक जून, 2015

आवेदन पत्र स्वीकार (Submit)किये जाने की अंतिम तिथि– 22 जुलाई, 2015

परीक्षा शुल्क बैंक में जमा करने की अंतिम तिथि – 21 जुलाई, 2015

प्रतियोगितात्मक परीक्षा द्वारा लेखपाल के पद पर चयन हेतु भारत के नागरिकों से निर्धारित प्रारूप पर ऑन–लाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। लिखित परीक्षा दिनांक 30 अगस्त, 2015 को किया जाना प्रस्तावित है। परीक्षा के समय तथा स्थल का उल्लेख प्रवेश पत्र पर उल्लिखित रहेगा, जिसे अभ्यर्थियो द्वारा ऑन–लाइन प्राप्त किया जा सकता है।

रिक्तियों का विवरण

क्रम	पदनाम	दिनांक 30–6–2015 को आयु	वेतनमान	कुल रिक्त पदों की संख्या	सामान्य जाति	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	अन्य पिछडी जाति	पद हेतु शैक्षिक अर्हता	पद हेतु अधिमानी अर्हता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	लेखपाल	न्यूनतम 18 वर्ष अधिकतम 40 वर्ष	रू0 5200 – 20200 (ग्रेड पे–2000)						माध्यमिक शिक्षा परिषद,उ0प्र0 की इण्टरमीडियट परीक्षा या सरकार द्वारा इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई अन्य परीक्षा में उत्तीर्ण	1–प्रदेशिक सेना में न्यूनतम दो वर्ष की अवधि तक सेवा की हो, या 2–राष्ट्रीय कैडेट कोर का ''बी'' प्रमाण पत्र प्राप्त किया हो।

1– लेखपाल पदों की भर्ती उ0 प्र0 लेखपाल सेवा नियमावली 2006 यथा संशोधित 2014 एवं समय समय पर जारी किये गये शासनादेश एवं परिषदादेश के अनुसार लिखित वस्तुनिष्ठ परीक्षा 80 अंक की तथा साक्षात्कार 20 अंक का होगा।

2– दिनांक 30.06.2015 को अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है साथ ही उक्त दिनांक को अभ्यर्थी की अधिकतम आयु 40 वर्ष से अधिक न हो। रिक्त पदों की संख्या को बढाया या कम किया जा सकता है। अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति अन्य पिछडा वर्ग के लिये आरक्षण विद्यमान शासकीय नियमों के अनुसार दिया जायेगा। इसी प्रकार क्षैतिज आरक्षण के अंतर्गत आने वाली श्रेणियो यथा उ0प्र0 के स्वतत्रता संग्राम सेनानियो के आश्रित उ0प्र0 के भूतपूर्व सैनिको, उ0प्र0 समाज के विकलांगो तथा उ0प्र0 की महिला अभ्यथियो को भी विद्यमान अद्यतन शासकीय नियमो के अनुसार रिक्तियां बनने पर आरक्षण अनुमन्य होगा।

3— ऑन—लाइन फार्म दिनांक **22.6.2015** से दिनांक **22.7.2015** तक जमा किये जा सकेगें। सामान्य और पिछडा वर्ग के अभ्यर्थियो से रू0 300/— (+ बैंक प्रभार अतिरिक्त) तथा उ0 प्र0 के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियो को रू0 150/— (+ बैंक प्रभार अतिरिक्त) का आवेदन शुल्क ई—चालान के माध्यम से जिलाधिकारी के पक्ष में देय होगा, जिसका उल्लेख ऑन लाइन आवेदन प्रपत्र पर किया जायेगा।

4— प्रदेश के सभी जनपदो में परिषद द्वारा निर्धारित तिथि व समय पर लिखित परीक्षा आयोजित की जायेगी। आवंटित परीक्षा केन्द्र पर ही अभ्यर्थियो को परीक्षा देनी होगी। परीक्षा केन्द्र परिवर्तन अनुमन्य नही होगा तथा इस संबंध में कोई भी प्रार्थना पत्र स्वीकार नही होगा।

5— परीक्षा वस्तुनिष्ठ 80 अंक की तथा साक्षात्कार 20 अंक का होगा, परीक्षा संबंधी जानकारी के संबंध में तिथि, समय और परीक्षा एवं साक्षात्कार के आयोजन स्थल उम्मीदवारो को ई—प्रवेश पत्र के माध्यम से अभ्यर्थियों द्वारा डाउनलोड किया जायेगा, जो कि परिषद की बेबसाइट http://bor.up.nic.in और जिले की वेबसाइट ..... पर उपलब्ध होगा।

6— ऑन लाइन आवेदन का प्रारूप, आफ लाइन परीक्षा संबंधी निर्देश अन्य सामान्य निर्देश एवं परीक्षा संबंधी अन्य प्रसांगिक जानकारी व सम्पूर्ण विवरण दिनांक **22.06.2015** से परिषद के बेबसाइट http://bor.up.nic.in पर और जिले की वेबसाइट ..... पर उपलब्ध हो जायेगा।

अध्यक्ष, चयन समिति/जिलाधिकारी।